मध्य प्रदेश में राशन लेने गए आदिवासी युवक को पुलिस ने पीटा, अस्पताल में हुई मौत

Posted on : April 4, 2020 6:36 pm
Updated on : April 4, 2020 7:28 pm

जनज्वार। देश में कोरोना वायरस से लड़ने के लिए लॉकडाउन जारी है। ऐसे में देश के अलग-अलग हिस्सों से मजदूरों और गरीब लोगों पर खाने का संकट आ गया है। कई इलाकों में सरकारी मदद ना पहुंच पाने के कारण लोग कई दिनों तक भूखे रहने को मजबूर है। देश में कोविड-19 से मृतकों की संख्या शनिवार को 68 हो गई और कुल संक्रमित लोगों की संख्या 2,902 हो गई है।

स्वास्थय मंत्रालय के अनुसार देश में अब तक 2,650 लोग कोविड-19 से पीड़ित हैं जबकि 183 लोग इलाज के बाद ठीक हो गए हैं या उन्हें अस्पताल से घर भेज दिया गया है और एक अन्य व्यक्ति दूसरे देश चला गया है।

संबंधित खबर: https://janjwar.com/post/dalit-laborers-returned-from-gurgaon-beaten-by-up-police-commit-suicide-manish-dubey-report

लेकिन केवल भूखमरी ही नहीं पुलिस द्वारा क्रूर कार्रवाई कर लोगों को भी अपनी जान से हाथ खोना पड़ रहा है। ऐसी ही एक खबर मध्य प्रदेश के खरगौन जिले की महेश्वर तहसील से आ रही है जहां पर टीबु नाम के आदिवासी लड़के की पुलिस की पिटाई से मौत हो गई। आदिवासी टीबु के पिता पुलिस द्वारा पिटाई करने के बाद उसे अस्पताल लेकर आए जहां पर उसकी मौत हो गई। खबर केअनुसार टीबु आज सुबह राशन खरीदने के लिए घर से निकला था जिसके बाद पुलिस वालों ने उसके साथ बुरे तरीके से पिटाई की जिसके बाद उसकी मौत हो गई।

खबर के बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस ने अपने ट्वीटर हैंडल से ट्वीट करते हुए शिवराज सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने कहा लौट आया शवराज पुलिस पिटाई से आदिवासी की मौत खरगौन ज़िले की महेश्वर तहसील के आदिवासी टीबु पिता बुदीया मेड़ा आज सुबह राशन खरीदने निकले, जहां पुलिस की पिटाई से उनकी मौत हो गई। शिवराज जी, लोकतंत्र की हत्या करके मुख्यमंत्री बने हो और गरीबों की हत्या करके सरकार चला रहे हो..?

> लौट आया शवराज,
> —पुलिस पिटाई से आदिवासी की मौत :
>
> खरगौन ज़िले की महेश्वर तहसील के आदिवासी टीबु पिता बुदीया मेड़ा आज सुबह राशन खरीदने निकले, जहां पुलिस की पिटाई से उनकी मौत हो गई।
>
> शिवराज जी,
> लोकतंत्र की हत्या करके मुख्यमंत्री बने हो और गरीबों की हत्या करके सरकार चला रहे हो..? pic.twitter.com/Mt63ShcZ1t
>
> — MP Congress (@INCMP) April 4, 2020

बता दे इससे पहले भी उत्तर प्रदेश में पुलिस की पिटाई से एक आत्महत्या करने का मामला सामने आया था। गुड़गांव में मजदूरी करने वाले दलित युवक रोशन लाल को पुलिस ने बुरी तरह पीटा था जिसके बाद उसने आत्महत्या कर ली। अपनी आत्महत्या से पहले उसने एक आडियो जारी किया है। जिसमें उसने पुलिस पर बुरी तरह से पीटने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था।

संबंधित खबर:लॉकडाउन में गरीब भूख से मर रहा है, BJP अध्यक्ष कह रहे हैं कि दुनिया भारत की तारीफ कर रही है

मध्य प्रदेश में कोरोना वायरस के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। प्रदेश में दो लोगों की मौत हो चुकी है। इ थ ही राज्य में मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। राज्य में अब कुल कोरोना पॉजिटिव मामलों

की संख्या 164 पर पहुंच गई है।

हमें फॉलो करे : Facebook | Youtube | Twitter | instagram | Video | helo-app

यह भी पढ़ें : राजनीति । राष्ट्रीय । दुनिया । अंधविश्वास । आंदोलन । कैंपस । चुनाव । विमर्श । संस्कृति । समाज । पर्यावरण

Published By : Vikash Rana

← मऊ में लॉक डाउन के दौरान घर में घुसा प्रेमी, घरवालों ने पकड़ा, पीट-पीटकर कर दी हत्या